# भर दो झोली मेरी राधा रानी तेरे दर से ना जाऊंगा खाली लिरिक्स

भर दो झोली मेरी राधा रानी,
तेरे दर से ना जाऊंगा खाली,
ग़म ने मारा है गम ने सताया,
बन गया तेरे दर का सवाली।bd।

---

दिल लगाया था दुनिया से मैने,
दिल को तोड़े है जालिम जमाना,
अब लिया है सहारा तुम्हारा,
इस चमन की है तू रखवाली,
भर दों झोली मेरी राधा रानी,
तेरे दर से ना जाऊंगा खाली।bd।

---

किसी ने मारा किसी ने सताया,
आके दुखों ने मुझको दबाया,
दु:ख का सागर है सारा जमाना,
सुख की मूरत है बरसाने वाली,
भर दों झोली मेरी राधा रानी,
तेरे दर से ना जाऊंगा खाली।bd।

---

मैंने देखा है ज़ालिम ज़माना,
साथ देता न कोई किसी का,
तू सहारा है सबका हे राधे,
तूने बिगड़ी है सबकी सँवारी,
भर दों झोली मेरी राधा रानी,
तेरे दर से ना जाऊंगा खाली।bd।

---

ये सुना है जो दर तेरे आता,
सब मन की मुरादें है पता,
'पायला' आया है दर पे तुम्हारे,
बन गया तेरे दर का सवाली,
भर दों झोली मेरी राधा रानी,
तेरे दर से ना जाऊंगा खाली।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भर दो झोली मेरी राधा रानी,
तेरे दर से ना जाऊंगा खाली,
ग़म ने मारा है गम ने सताया,
बन गया तेरे दर का सवाली।bd।

**Singer / Lyrics – Laxman ji Payla**
**Creations – Chitrakoot Music Production**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com